नवभारत टाइम्स

करोडों रुपए मूल्य के हाथी दांत, बाघ के दांत जब्त

Jul 31, 2019, 01.46 PM IST

कोलकाता, 31 जुलाई (भाषा) कोलकाता में करीब 12 किलोग्राम वजन का हाथी दांत और बाघ के पांच दांत बरामद किए गए हैं। इनकी कीमत 1.14 करोड़ रुपये आंकी गई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया, ''एक खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई के जवानों ने रविवार को सियालदह रेलवे स्टेशन पर गिरोह के सरगना के रूप में मुस्लिमा बेगम और उसके पति हबीबुल्ला को गिरफ्तार किया और बेगम के पास से 4.27 किलोग्राम वजन के दो हाथी दांत बरामद किए ।'' डीआरआई ने कहा कि वह असम से माल लेकर आई थी और अपने पति को सौंपने वाली थी और इससे पहले ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया, ''कोलकाता, सिलिगुडी और गुवाहाटी इकाइयों में एजेंसी द्वारा दर्ज कई मामलों में हबीबुल्लाह वांछित था। उस पर कुल 6.01 करोड़ रुपये मूल्य के करीब 48.79 किलोग्राम वजन वाले हाथी दांत और हाथीदांत की मूर्तियां तस्करी करने का आरोप है।''